**श्री विद्यासागर केशरी, माननीय स0वि0स0 से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या– 748 का उत्तर प्रतिवेदन।**

| प्रश्न | उत्तर प्रतिवेदन |
|---|---|
| क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज विधान सभा के सभी पंचायतों में कृषि–सिंचाई के उद्देश्य से निर्मित छोटी नहर (छहर) ध्वस्त हो चुका है एवं जो थोड़े बहुत बचे है उनमें गाद भर गया है, जिससे किसानों को सिंचाई में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सभी छोटी नहर (छहर) का नवनिर्माण एवं पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों? | आंशिक स्वीकारात्मक।<br>वस्तुस्थिति यह है कि 20 क्यूसेक से अधिक क्षमता वाले नहरों का पुनर्स्थापन/जीर्णोद्धार कार्य जल संसाधन विभाग तथा 20 क्यूसेक तक क्षमता वाले नहरों का पुनर्स्थापन/जीर्णोद्धार कार्य मनरेगा के माध्यम से कराया जाता है।<br>अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत 20 क्यूसेक से अधिक क्षमता वाले नहरों का पुनर्स्थापन कार्य "हर खेत तक सिंचाई का पानी" कार्यक्रम के अन्तर्गत कराया गया है एवं 20 क्यूसेक तक क्षमता वाले छोटी नहरों की सूची कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, नरपतगंज/बथनाहा/अररिया द्वारा उप विकास आयुक्त, अररिया को उपलब्ध कराया गया है जिसके आलोक में मनरेगा के माध्यम से 20 क्यूसेक तक जलश्राव वाले नहरों के तहत कुछ छोटी नहर का पुनर्स्थापन/जीर्णोद्धार कार्य कराया गया है तथा कुछ छोटी नहर का पुनर्स्थापन/जीर्णोद्धार कार्य कराया जा रहा है।<br>वर्त्तमान में छोटी नहर के पक्कीकरण का कोई योजना नहीं है। |

## बिहार सरकार

## जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक- 25/वि0स0प्र0(सह0)-05-143/2024 -  पटना, दिनांक -

प्रतिलिपि - प्रशाखा पदाधिकारी (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को सप्तदश बिहार विधान सभा के त्रयोदश सत्र के लिये प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0-748 (त्र–33) का उत्तर प्रतिवेदन (पांच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव्

ज्ञापांक–25/वि0स0प्र0(सह0)-05–143/2024– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0प्र0(सह0)-05–143/2024– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0प्र0(सह0)-05–143/2024– 103 /पटना, दिनांक– 10/01/25

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव

Desktop-R.M.F./2025/Sec-25/memo